मु.नं. 246/2025 तहसीलदार / अकबर कोर्ट

राजस्थान सरकार

न्यायालय उपखण्ड अधिकारी जैतारण (ब्यावर) राज.

E-Mail : sdojaitaran@gmail.com Phone No : 02939-222223

क्रमांक/कोर्ट/2025/674 दिनांक :- 29/7/25

—: आदेश :—

श्रीमान जिला कलक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट, ब्यावर के आदेश क्रमांक/कब्या/भू.अ./2024/95 दिनांक 05.12.2024 की अनुपालना में आमजन की सुविधा हेतु ग्रामीण आबादी और खेतों के लिए "रास्ता खोलो अभियान" के अन्तर्गत वर्षो से मौके पर चलायमान रास्ता को भू–अभिलेख में गैर मुमकीन रास्ता अंकित करने हेतु तहसीलदार (भू.अ.) जैतारण के पत्र क्रमांक/भू.अ./2025/2730 दिनांक 01.07.2025 द्वारा अभिशंषा सहित प्रस्ताव प्राप्त हुआ है।

अतः राज्य सरकार की अधिसूचना कमांक राजस्व (ग्रुप–6) विभाग जयपुर के परिपत्र पत्रांक/प. 4(10)राज.–6/2024/19 जयपुर दिनांक 21.05.2025 के अनुसरण में चालु स्थाई रास्तों के राजस्व अभिलेख में अंकन की कार्यवाही के संबंध में उक्त रास्तो का राजस्व अभिलेख में अंकन हेतु राजस्थान भू0 राजस्व अधिनियम 1956 की धारा 131 एवं 132 तथा राजस्थान भू–अभिलेख नियम 1957 के नियम 58, 59, 60, 66 एवं 86 के प्रावधानानुसार तहसीलदार (भू.अ.) जैतारण द्वारा प्रस्तुत प्रस्ताव के आधार पर निम्न खसरान् के सम्मुख उल्लेखित रकबों मे से कॉलम संख्या (ख) में अंकित रकबा की भूमि खातेदारी की आराजी में से कम करते हुए उसी खातें में प्रस्ताव के सलंग्न मौका फर्द दिनांक 16.12.2024 में अंकित नजरी नक्शानुसार गैर मुमकीन रास्ता घोषित् करते हुए भू–अभिलेख में इन्द्राज एवं तरमीम किए जाने के निर्देश प्रदान किए जाते है। सलंग्न मौका फर्द दिनांक 16.12.2024 इस आदेश का भाग माना जाए। तहसीलदार जैतारण उक्त आदेश की नियमानुसार अनुपालना करते हुए भू–अभिलेख में अमल दरामद करें एवं बाद अमल दरामद रेकर्ड की प्रति सहित पालना प्रेषित करें।

प्रकरण संख्या 246/2025 **ग्राम का नाम :** रास प्रथम **पटवार मण्डल :** रास प्रथम

वर्तमान जमाबन्दी में दर्ज प्रविष्टि (क)					नवीन (रास्ता हेतु) दर्ज प्रविष्टि (ख)			
क्रसं.	खाता सं.	खसरा नं0	रकबा हैक्टर में	किस्म जमीन	खाता संख्या	खसरा नं0	रकबा हैक्टर में	किस्म जमीन
1	146	169	1.3840	चा.दो.	1125	169/1	0.0808	गै.मु.रास्ता
2	144	168/2	4.6134	बा.दो.	1126	168/3	0.1460	गै.मु.रास्ता
3	145	166	6.4992	बा.दो.	1127	166/1	0.0900	गै.मु.रास्ता

(रवि प्रकाश) RAS
उपखण्ड अधिकारी, जैतारण
दिनांक :–29/7/25

क्रमांक/कोर्ट/2025/675-676

प्रतिलिपि :– निम्न को सूचनार्थ एवं पालनार्थ।

1. श्रीमान जिला कलक्टर महोदय (भू0अ0) ब्यावर को सूचनार्थ। ।
2. तहसीलदार (भू0अ0) जैतारण को पालनार्थ।
3. पटवारी हल्का रास प्रथम।
4. कार्यालय प्रति।

उपखण्ड अधिकारी, जैतारण